उत्तर प्रदेश शासन
नियोजन अनुभाग-1
संख्या- 182/2024/ 1170 /35-1-2024
लखनऊ : दिनांक: 06 दिसम्बर, 2024

कार्यालय-ज्ञाप

नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा स्टेट सपोर्ट मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों की Good Governance सम्बन्धी बेस्ट प्रैक्टिसेज एवं नीतियों को राष्ट्रीय स्तर पर Multi-Sectoral live Repository के रूप में लाए जाने हेतु 'NITI for States (NFS) Knowledge Platform' वेबसाइट (https://www.nitiforstates.gov.in) विकसित किया गया है। इस प्लेटफार्म पर 10 क्षेत्रों यथा- कृषि, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं कौशल, विनिर्माण, एम0एस0एम0ई0, पर्यटन, शहरीकरण, जल संसाधन एवं वाश (Wash) से संबंधित ज्ञान उत्पादों (Knowledge Products) को संकलित किया जा रहा है।

नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेज को 'NITI for States (NFS) Knowledge Platform' वेबसाइट पर Upload किये जाने हेतु जनपद स्तर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को Contributor का दायित्व प्रदान किया गया है।

'NITI for States (NFS) Knowledge Platform' के सफल संचालन हेतु सम्यक विचारोपरांत जनपद स्तर पर अर्थ एवं संख्याधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा 'NITI for States (NFS) Knowledge Platform' पर विभिन्न विभागों के जनपदीय-कार्यालयों से यथा उपलब्ध बेस्ट प्रैक्टिसेज के अभिलेखीकरण को सर्वप्रथम भौतिक रूप में संकलित किया जाएगा। तत्पश्चात् मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी का अनुमोदन प्राप्त कर 'NITI for States (NFS)' पर मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी के log-in Credential से अपलोड किया जाएगा। किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन अथवा संशय की स्थिति में निदेशक डा0 आनन्द मिश्र (मो0-9889319645)) अथवा शोध अधिकारी श्री अभिसार सिंह (मो0-6268553828) से सम्पर्क किया जा सकता है। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा 'NITI for States (NFS) Knowledge Platform' पर जनपदों की प्रगति की निरन्तर समीक्षा भी की जायेगी।

(पुलकित खरे)
विशेष सचिव

संख्या- 182/2024/1170(1) /35-1-2024 तददिनांक
प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2. स्टाफ ऑफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
5. निदेशक, दीर्घकालीन योजना प्रभाग, नियोजन विभाग, लखनऊ।
6. निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, नियोजन विभाग, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि निदेशक स्तर पर आहूत बैठकों में 'NITI for States (NFS) Knowledge Platform' पर जनपदों की प्रगति की निरन्तर समीक्षा की जाए।
7. समस्त मंडल स्तर, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या, उ0प्र0।
8. समस्त अर्थ एवं संख्याधिकारी, उ0प्र0।

(राजेन्द्र प्रसाद)
संयुक्त सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in